शताब्दी की ओर बढ़ते कदम...

स्थापित–1923

ESTD. 1923

# गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.)

## GARHWAL HITESHINI SABHA (REGD.)

# महासमिति की बैठक

## (GENERAL BODY MEETING)

# महासचिव की रिपोर्ट

दिनाँक : रविवार, 23 अक्टूबर, 2022

समय : 10:00 बजे प्रातः

**स्थान :**

गढ़वाल भवन, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली चौक
पंचकुइयाँ रोड़, नई दिल्ली–110001

Website : www.garhwalhiteshnisabha.com • Email : garhwalhiteshinisabha@gmail.com
Mob. : 9911036508, 9868388819

# गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजि.) दिल्ली
स्थापित – 1923
GARHWAL HITESHINI SABHA (REGD.) DELHI
Mob. : 9911036508, 9868388819, Website : www.garhwalhiteshnisabha.com • Email : garhwalhiteshinisabha@gmail.com



अध्यक्ष
अजय सिंह बिष्ट
9911036508

उपाध्यक्ष
जय सिंह राणा
9717312038

महासचिव
द्वारिका प्रसाद भट्ट
9868388819

सचिव
दीपक द्विवेदी
9999090307

कोषाध्यक्ष
गुलाब सिंह जयाड़ा
9810029759

उप–कोषाध्यक्ष
अनिल कुमार पंत
9818342205

संगठन सचिव
मुरारी लाल खंडूड़ी
8826903011

सांस्कृतिक सचिव
संयोगिता ध्यानी
9350118088

साहित्यिक सचिव
मनोरमा भट्ट
9910311867

खेल सचिव
भगवान सिंह नेगी
9811116282


पत्रांक-:ग.हि.स./ 6/2022/113

दिनांक : 20.09.2022

## महासमिति बैठक की सूचना

गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) दिल्ली, महासमिति की बैठक रविवार दिनांक 23 अक्टूबर, 2022 को प्रातः 10 बजे से गढ़वाल भवन,वीर चंद्र सिंह गढ़वाली चौक,पंचकुईयां रोड़ , नई दिल्ली - 110001 में आहूत होनी सुनिश्चित हुई है ।

### बैठक की कार्य सूची (Agenda ) निम्नांकित है :-

1- माननीय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए अध्यक्षीय संबोधन ।
2- महासचिव द्वारा महासमिति की पिछली बैठक की कार्यवृत्त की पुष्टि ।
3- महासचिव द्वारा नवंबर 2021 से सितंबर 2022 तक सामाजिक एवं प्रशासनिक कार्यों को "महासचिव की रिपोर्ट" के तहत सभा पटल पर अनुमोदन हेतु ।
4- कोषाध्यक्ष द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-2022 की ऑडिट रिपोर्ट एवं 1 अप्रैल 2022 से 30 सितंबर 2022 तक की अंतरिम रिपोर्ट महासभा के अनुमोदन हेतु ।
5- अध्यक्ष जी की अनुमति से अन्य कोई विषय ।

महासमिति की बैठक में आप सादर आमंत्रित हैं । कृपया समय पर पधारकर बैठक को सफल बनायें ।

(अजयसिंह बिष्ट)
अध्यक्ष

(द्वारिका प्रसाद भट्ट)
महासचिव (अवैतनिक)

सूचनार्थ:-
1- सभा के सभी सम्मानीय सदस्यों को
2-: सभा के सूचना पट पर
3-: सभा की वेबसाइट एवं अधिकृत सोशल साइट पर
4-: डिजिटल भारत के दौर में सोशल साइट की सूचना को ही अंतिम समझा जाय ।

नोट -: लंच दोपहर दो बजे

द्वारिका प्रसाद भट्ट
महासचिव (अवैतनिक)

# महासमिति की वार्षिक बैठक

## महासचिव की रिपोर्ट

गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) दिल्ली के आदरणीय अध्यक्ष जी, पदाधिकारीगण, कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व में विभिन्न पदों पर आसीन रहे वरिष्ठ पदाधिकारीगण व सभागार में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यगणों का महासमिति की इस वार्षिक बैठक में हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत। मैं ईश्वर से आपकी समृद्वि, स्वास्थ्य और प्रगति पथ पर निरंतर बढ़ते रहने की कामना करता हूँ।

मान्यवर, सर्वप्रथम आपको दीपावली, गोवर्धन पूजा तथा भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। अपनी रिपोर्ट को प्रस्तुत करने से पूर्व मैं 8 दिसंबर 2021 को भारतीय वायुसेना के विमान से सपत्नी तमिलनाडु के कोयंबटूर से तमिलनाडु वैलिंगटन जा रहे देश के प्रथम सीडीएस उत्तराखंड सैन्य सिरमौर जनरल विपिन रावत जी एवं दिवंगत पत्नी मधुलिका रावत जी तथा 11 सैन्य अधिकारियों की हेलीकॉप्टर हादसे में दिवंगत हुए शहीदों को नमन एवं भाव–भीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर, वीर सैनिकों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते है।

विगत वर्ष हितैषिणी सभा के सदस्यों, परिजनों एवं समाज के प्रबुद्वजनों का आकस्मिक निधन सभा एवं समाज के लिए बड़ी क्षति है, जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता, वर्तमान में हमारे साथी कार्यकारिणी सदस्य श्री गंभीर सिंह कैंतुरा जी के आकस्मिक निधन ने हम सबको स्तब्ध कर दिया। गढ़वाल हितैषिणी सभा उन सभी शोकाकुल परिवारों, प्रियजनों एवं कैंतुरा परिवार के प्रति हम अपनी भाव–भीनी श्रंद्धाजलि व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति व मोक्ष के लिए परमेश्वर से प्रार्थना करते है। विगत वर्ष सभा ने जिन साथियों व परिजनों को खोया है, जिनकी सूचना सभा को प्राप्त हुई, उन सभी दिवंगत आत्माओं का उल्लेख निम्नलिखित है।

1. स्वर्गीय गंभीर सिंह कैंतुरा– वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य
2. स्व. लीला देवी सेमवाल, माताजी श्री त्रिलोक सेमवाल
3. स्व. ऋषिराज मुंडेपी, पिताजी श्री शिवचरण मुंडेपी
4. सभा के वरिष्ठ सदस्य स्व.हर्ष वर्धन उप्रेती
5. सभा के सदस्य स्व. राम सिंह राणा
6. स्व. सतीश प्रसाद चमोली, भाई श्री दुर्गा प्रसाद चमोली
7. स्व. हुकुम सिंह बुटोला, पिताजी श्री करन बुटोला
8. स्व. विजय सिंह भण्डारी, भाई श्री जोत सिंह भंडारी
9. उत्तराखंड की नौनी दिवंगत अंकिता भंडारी एवं उत्तरकाशी के द्रौपदी का डांडा चोटी पर हुए हिमस्खलन की घटना में नेहरू पर्वतारोहण संस्थान के शहीद ट्रेनीज एवं पौड़ी जनपद के बीरोंखाल ब्लॉक में बस हादसा के मृतक
10. स्व. श्री केदार सिंह फोनिया सभा के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश, उत्तखण्ड सरकार
11. देश की सीमाओं पर शहीद हुए जवान

माननीय सदस्यगण जैंसा कि सर्व विदित ही है कि सभा की संवैधानिक प्रक्रिया के तहत वर्तमान कार्यकारिणी का चुनाव 7 नवंबर 2021 को चुनाव अधिकारी श्री नारायण सिंह रावत जी के नेतृत्व (मुख्य चुनाव अधिकारी) में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हुए थे । लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया के तहत पूर्ण बहुमत से वर्ष 2021–2024 के लिए निम्नलिखित कार्यकारिणी निर्वाचित हुई थी ।

**पदाधिकारीगण**

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **श्री अजय सिंह बिष्ट** | **अध्यक्ष** |
| **2.** | **श्री जय सिंह राणा** | **उपाध्यक्ष** |
| **3.** | **श्री द्वारिका प्रसाद भट्ट** | **महासचिव** |
| **4.** | **श्री दीपक द्विवेदी** | **सचिव** |
| **5.** | **श्री गुलाब सिंह जयाड़ा** | **कोषाध्यक्ष** |
| **6.** | **श्री अनिल कुमार पंत** | **उप–कोषाध्यक्ष** |
| **7.** | **श्री मुरारी लाल खंडूड़ी** | **संगठन सचिव** |
| **8.** | **श्रीमती संयोगिता ध्यानी** | **सांस्कृतिक सचिव** |
| **9.** | **श्रीमती मनोरमा भट्ट** | **साहित्यिक सचिव** |
| **10.** | **श्री भगवान सिंह नेगी** | **खेल सचिव** |

**कार्यकारिणी सदस्य**

1. श्री आजाद सिंह नेगी
2. श्री अर्जुन सिंह राणा
3. श्री धीरेंद्र सिंह रावत
4. श्री देवेश नौटियाल
5. श्री जगत सिंह पंवार
6. श्री जोत सिंह भंडारी
7. श्री मंगल सिंह नेगी
8. श्री राम स्वरूप कंसवाल
9. श्री रूप चंद बरोली
10. श्री राजेश्वर प्रसाद शर्मा
11. श्री लखपत सिंह नेगी
12. श्री सुधीश नेगी
13. श्री शीशपाल सिंह अधिकारी
14. श्री विकास चमोली
15. श्रीमती यशोदा घिल्डियाल

सभा संविधान को मध्यनजर रखते हुए 5 सदस्य कार्यकारिणी द्वारा मनोनीत किये जाते हैं, जो निम्नलिखित है :–

**मनोनीत कार्यकारिणी सदस्य**

1. श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी

2. श्री देवेन्द्र गोसांई

3. श्री बलबीर सिंह रावत

4. श्री त्रिलोक रावत

स्व. गंभीर सिंह कैंतुरा जी के आकस्मिक निधन हो जाने पर वर्तमान में 4 ही मनोनीत सदस्य हैं।

मान्यवर, 12 नवंबर 2021 को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत 20 नवंबर 2021 को तत्कालीन पदाधिकारियों से कार्यभार ग्रहण कर कार्यकारिणी ने विधिवत रूप से कार्य करना आरम्भ किया। 20 नवंबर को ही नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक संपन्न हुई, जिसमें सर्वप्रथम सभा के कार्यों को सुचारू रूप से संचालन एवं निष्पादन हेतु विभिन्न उप–समितियों का गठन किया गया। उप–समितियां निम्नलिखित हैं ।

1. **मीडिया प्रचार–प्रसार समितिः–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | श्रीमती संयोगिता ध्यानी | चेयरपर्सन |
| (ii) | श्री जोत सिंह भंडारी | सदस्य |
| (iii) | श्री देवेश नौटियाल | सदस्य |
| (iv) | श्री विकास चमोली | सदस्य |
| (v) | श्री रुप चंद बरोली | सदस्य |

2. **भवन रख–रखाव एवं परचेज समितिः–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | श्री जय सिंह राणा | चेयरमैन |
| (ii) | श्री गुलाब सिंह जयाड़ा | सदस्य |
| (iii) | श्री मुरारी लाल खंडूड़ी | सदस्य |
| (iv) | श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी | सदस्य |
| (v) | श्री आजाद सिंह नेगी | सदस्य |
| (vi) | श्री लखपत सिंह नेगी | सदस्य |
| (vii) | श्री मंगल सिंह नेगी | सदस्य |

3. **आर्थिक सहायता समितिः–**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | श्री मुरारी लाल खंडूड़ी | चेयरमैन |
| (ii ) | श्री राजेश्वर प्रसाद शर्मा | सदस्य |
| (iii) | श्री देवेश नौटियाल | सदस्य |
| (iv) | श्री धीरेंद्र सिंह रावत | सदस्य |

**4. <u>शिक्षा समितिः–</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | श्रीमती मनोरमा भट्ट | चेयरपर्सन |
| (ii) | श्रीमती यशोदा घिल्डियाल | सदस्य |
| (iii) | श्री सुधीश नेगी | सदस्य |
| (iv) | श्री राम स्वरूप कंसवाल | सदस्य |
| (v) | श्री जी.एस.कैंतुरा | सदस्य |
| (vi) | श्री शिवचरण मुंडेपी | सदस्य |

**5. <u>सांस्कृतिक समिति :–</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | श्रीमती संयोगिता ध्यानी | चेयरपर्सन |
| (ii) | श्री दीपक द्विवेदी | सदस्य |
| (iii) | श्रीमती मनोरमा भट्ट | सदस्य |
| (iv) | श्री विकास चमोली | सदस्य |

**6. <u>खेल समिति :–</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | श्री भगवान सिंह नेगी | चेयरमैन |
| (ii) | श्री दीपक द्विवेदी | सदस्य |
| (iii) | श्री सुधीश नेगी | सदस्य |
| (iv) | श्री जगत सिंह पंवार | सदस्य |
| (v) | श्री शीशपाल अधिकारी | सदस्य |
| (vi) | श्री देवेंद्र गोसांई | सदस्य |
| (vii) | श्री रतन रावत | सदस्य |

**7. <u>स्वास्थ्य समितिः–</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | श्री अजय सिंह बिष्ट | चेयरमैन |
| (ii) | श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी | सदस्य |
| (iii) | श्री बलबीर सिंह रावत | सदस्य |
| (iv) | श्री त्रिलोक रावत | सदस्य |

8. **<u>लीगल समन्वय समितिः–</u>**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | श्री भगवान सिंह नेगी | चेयरमैन |

(ii) श्री गुलाब सिंह जयाड़ा — सदस्य

(iii) श्री मंगल सिंह नेगी — सदस्य

(iv) श्री अर्जुन सिंह राणा — सदस्य

9. **प्रशासनिक समितिः—**

(i) श्री द्वारिका प्रसाद भट्ट — चेयरमैन

(ii) श्री दीपक द्विवेदी — वाइस चेयरमैन

(iii) श्री गुलाब सिंह जयाड़ा — सदस्य

(iv) श्री मंगल सिंह नेगी — सदस्य

(v) श्री सुधीश नेगी — सदस्य

(vi) श्री धीरेंद्र सिंह रावत — सदस्य

(vii) श्री सुभाष डुकलान — सदस्य

10. **सदस्यता सूची संशोधन समितिः—**

(i) श्री जय सिंह राणा — चेयरमैन

(ii) श्री जोत सिंह भंडारी — सदस्य

(iii) श्री अर्जुन सिंह राणा — सदस्य

(iv) श्री रुप चंद बरोली — सदस्य

(v) श्री लखपत सिंह नेगी — सदस्य

(vi) श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी — सदस्य

11. **आंतरिक लेखा निरीक्षकः—**

(i) श्री नारायण सिंह रावत

सभा के कार्यों में अपने वरिष्ठ एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ सदस्यों की सलाह / सुझाव / प्रस्ताव / मार्गदर्शन एवं अनुभवों का लाभ उठाने के उद्देश्य से कार्यकारिणी ने सभा का एक विशिष्ट सदस्यों का सलाहकार मंडल गठित किया है। वर्तमान कार्यकारिणी ने सलाहकार मंडल के सदस्यों के साथ (15 मई, एवं 4 सितंबर, 2022) दो संयुक्त बैठक आहूत की जा चुकी हैं।

**सलाहकार मंडल :—**

सर्व श्री विक्रम सिंह अधिकारी, गंभीर सिंह नेगी, सूरत सिंह रावत, महावीर सिंह राणा, चंद्रपाल सिंह रावत, महादेव प्रसाद बलोनी, डॉ केदार सिंह, दीप प्रकाश भट्ट, श्रीकृत सिंह रावत, जवाहर सिंह नेगी, अषाड़ सिंह अधिकारी, खेमराज कोठारी, दिनेश ध्यानी, एडवोकेट उर्मिल नौटियाल, जितेंद्र सजवाण, द्वारिका प्रसाद भट्ट, (आरके पुरम वाले), खुशहाल सिंह बिष्ट,

सुरेशानंद बसलियाल, हर्ष वर्धन खंडूड़ी, नारायण सिंह रावत, लाखीराम शर्मा (डबराल), यू.एस.नेगी, महावीर सिंह केमवाल, भगत सिंह नेगी, रामचंद्र सिंह भंडारी, टी.एस. भंडारी, रामेश्वर प्रसाद गोस्वामी, डॉ शिवानंद डंगवाल, ओ.पी.जोशी, बी.एन.शर्मा, प्रेम सिंह चौहान, महावीर सिंह नेगी, सुवर्ण रावत, राम प्रसाद ध्यानी, बासवानंद ढौंडियाल, डॉ विनोद बछेती, ऊमा कांत लखेड़ा, सुनील नेगी, योगेश भट्ट, राम प्रसाद भदोला, रामशरण ढौंडियाल, पृथ्वी सिंह केदारखंडी, मगन सिंह पटवाल, राजेंद्र प्रसाद तिवाड़ी, धन सिंह कुंवर, हरी दत्त, डॉ एस.एस.रावत, एडवोकेट बद्री प्रसाद अंथवाल, एडवोकेट जसवंत सिंह रावत, एडवोकेट कुलदीप परिहार, भूपाल सिंह, रनवीर सिंह पुंडीर, ललित ढौंडियाल, जबर सिंह कैंतुरा, बच्चन सिंह धनोला, योगम्बर सिंह सजवाण, दिनेश डोभाल, महिमा नंद दरमोड़ा, नारायण दत्त लखेड़ा, हीरामणी पोखरियाल, मधुकर द्विवेदी, सुशीला रावत, ललिता रावत, बृजमोहन शर्मा, नरेन्द्र सिंह रावत, रतन सिंह रावत, डॉ बलबीर सिंह पंवार, राम सिंह राणा, रवीन्द्र सिंह राणा, प्रेम सिंह नेगी, विनोद कुमार ममगाईं, सतीश चंद्र शर्मा, शिवचरण मुंडेपी, राजेंद्र चौहान, अनिल ध्यानी, महेश प्रकाश, रमेश शर्मा, शेर सिंह रावत, महावीर सिंह पंवार, अमर सिंह राणा, राकेश थपलियाल, नंद किशोर भट्ट, त्रिलोक चंद सेमवाल, विमल उनियाल, नागेंद्र प्रसाद जुयाल, करन सिंह बुटोला, भगवती प्रसाद कुकरेती, शिव सिंह राणा, विजेंद्र सिंह रावत, गोविंद राम भट्ट, जस राम बडोला, नित्यानंद गैरोला, धर्मपाल सिंह कुमांई, भास्कर जोशी, वीर सिंह नेगी, सूर्या प्रकाश सेमवाल, पुष्कर भट्ट, लखपत सिंह पंवार, बलबीर सिंह रावत, रवींद्र सिंह चौहान, दिनेश बंगवाल, सुभाष डुकलान, बलबीर सिंह उनाल।

**जनसरोकारों से संबंधित मुख्य गतिविधियाँ :–**

मान्यवर, वर्तमान कार्यकारिणी ने अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज में सभा को विशिष्ट पहचान दिलाने का हरसंभव प्रयास किया है। सभा की सामाजिक गतिविधियों की खबरें राष्ट्रीय अखबारों की सुर्खियां बनी जो कि हम सब के लिए गौरव की बात है। विगत 11 महीनों में सभा की मुख्य गतिविधियां निम्नलिखित हैं।

**उत्तराखंड के पारंपरिक त्योहार "इगास" का आयोजनः**– 12 नवंबर 2021 को नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण के उपरांत 14 नवंबर 2021 को पहली बार गढ़वाल भवन में उत्तराखंड के पारंपरिक वाद्य यंत्रों, पकवानों के साथ समाज के गणमान्य प्रबुद्धजनों के सानिध्य में दीपावली के 11 दिनों के उपरान्त आने वाले लोक त्यौहार "इगास" का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। जिसकी उपस्थित गणमान्यजनों ने भूरि–भूरि प्रशंसा की।

**दिवंगत सीडीएस जनरल विपिन रावत जी की श्रंद्धाजलि सभा :**– 8 दिसम्बर 2021 को देश के प्रथम सीडीएस उत्तराखंड के सिरमौर जनरल विपिन रावत जी, उनकी पत्नी मधुलिका रावत एवं अन्य 11 सैन्य अधिकारियों की हेलीकॉप्टर हादसे में आकस्मिक शहादत पर उनकी आत्मा की शांति हेतु हवन एवं श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाज के तमाम समाजसेवी, विशिष्ट प्रबुद्धजन, कला, संस्कृति, साहित्यिक, सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्यजनों एवं वरिष्ठ पत्रकार बंधुओं ने नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित किये ।

**कोविड–19 आइसोलेशन होम की व्यवस्थाः**– जनवरी 2022 में कोविड–19 के बढते प्रकोप को मध्य–नजर रखते हुए कार्यकारिणी ने सभा एवं समाज के सदस्यों के प्रति अपनी नैतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए भवन के गंगा हॉल में कोविड आइसोलेशन होम की व्यवस्था की जिसमें मरीजों की जरुरतों के तमाम साधन तथा प्राथमिक उपचार की एहतियातन व्यवस्था उपलब्ध करवाई । अपने राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए सभा ने नई दिल्ली, जिला एसडीएम कार्यालय को पत्र लिखकर भवन के भागीरथी हॉल को कोविड सेंटर बनाने का अनुरोध किया। एसडीएम कार्यालय से एक टीम हॉल सर्वेक्षण के लिए आई थी । सभा का धन्यवाद करते हुए एसडीएम महोदया ने सभा को सूचित किया था कि नई दिल्ली, जिला प्रशासन को जरूरत पड़ने पर हॉल को टेकओवर कर लिया जायेगा।

**हास्य कवि सम्मेलन/होली मिलन/शताब्दी वर्ष शुभंकर विमोचन समारोहः**– दिनाँक 12–03–2022 को

कोविड–19 महामारी से जूझते जनमानस को हताशा से मुक्त कर सृजनात्मक की ओर ले जाने के सुखद एवं सार्थक प्रयासों के उद्देश्य से उत्तराखंड के लोकप्रिय जन कविवरों के सानिध्य में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया साथ ही होली मिलन समारोह तथा सभा के 100 साल की एतिहासिक उपलब्धि पर **''शताब्दी वर्ष शुभंकर''** का विमोचन भी किया गया। शुभंकर डिजाइन में कार्यकारिणी के सदस्य सर्व श्री मंगल सिंह नेगी जी की अध्यक्षता में शुभंकर का डिजाइन तैंयार किया गया, जिसमें श्री अनिल पंत, श्री देवेन्द्र सिंह गोसांई एवं श्री विकास चमोली जी ने अपना विशेष योगदान देने के साथ–साथ समाज के युवा वर्ग को सभा से जोड़ने का प्रयास किया है। मैं उक्त सदस्यों के सार्थक प्रयासों की भूरि–भूरि प्रशंसा करता हूँ।

**दो दिवसीय भाषा सम्मेलनः–** देश भर से आये उत्तराखंडी साहित्यकारों एवं भाषाविदों का दो दिवसीय सम्मेलन दिनाँक 4 – 5 अप्रैल 2022 को गढ़वाल भवन के भागीरथी सभागार में उत्तराखंड लोक भाषा साहित्य मंच के तत्वावधान में आयोजित किया गया । इस सम्मेलन में गढ़वाली कुमाऊंनी जौनसारी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु ज्ञापन व दस्तावेजों का संकलन किया गया । सभा की ओर से अध्यक्ष श्री अजय सिंह बिष्ट जी ने उक्त सम्मेलन में अपनी गरिमामय भागीदारी सुनिश्चित की और सभा की ओर से हरसंभव मदद उपलब्ध करवायी।

**स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजनः–** कोविड–19 महामारी से त्रस्त लोगों की स्वास्थ्य जांच और उपचार के उद्देश्य से दिनाँक 9–04–2022 को विमहन्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सौजन्य से कार्यकारिणी ने भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें विभिन्न रोगों से जूझते 133 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयाँ वितरित करते हुए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने उचित परामर्श दिया ।

**उत्तराखंड की दामिनी नजफगढ़ निवासी के हत्यारों को फांसी की सजा की मांगः–** 9 फरवरी 2012 को उत्तराखंड की बेटी नजफगढ़ निवासी वीभत्स गैंगरेप का शिकार हुई थी। निचली अदालत से लेकर हाईकोर्ट की जटिल न्यायिक प्रक्रियों से गुजरता हुआ यह केस सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए आज भी लंबित है । मृतका के माता पिता आज भी अपनी बेटी के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए अदालत में जूझ रहे हैं। अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए सभा ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से दिनाँक 6–05–2022 को सांय 5 बजे से 7 बजे तक जंतर मंतर पर विशाल कैंडल मार्च आहूत किया, जिसमें सरकार से जेल में बंद तीन हत्यारों को यथाशीघ्र फांसी की सजा की मांग की।

**कला संस्कृति के दायित्वों का निर्वहनः–** कहते हैं फिल्में समाज का आइना होती हैं। अपने गांव खेत खलिहानों की सांझी पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत को सिनेमा के परदे पर उकेरती, उत्तराखंड के गांवो से निरंतर पलायन के दर्द की जीवंत आंचलिक फिल्म "मेरु गौं" का दो दिवसीय शो दिनाँक 7 – 8 मई 2022 को खचाखच भरे भागीरथी सभागार में आयोजित किये गये जिसमें आम जनता का जबरदस्त उत्साह देखा गया । मैं इस फिल्म के निर्माता श्री राकेश गौड़ जी (सभा सदस्य) एवं निर्देशक अनुज जोशी जी को विशेष बधाई देता हूँ जिन्होंने शहरों में रह रही नौजवान पीढी को इस फिल्म के माध्यम से अपने गांव की मूल जड़ों से जुड़ने का सार्थक प्रयास किया है ।

**सभा कार्यालय में वाईफाई सुविधाः–** सभा की वर्तमान डिजिटल आवश्यकताओं को मध्यनजर रखते हुए, मई 2022 से सभा कार्यालय में वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस कार्य को करवाने में कार्यकारिणी सदस्य श्री पृथ्वी सिंह अधिकारी जी का विशेष योगदान रहा।

**धारी देवी डोली दर्शन /शोभायात्रा :–** देवों की धरती उत्तराखंड देवभूमि के नाम से विश्व विख्यात है । हम लोग भले ही आज शहरों की चकाचौंध और भौतिकता का आधुनिक जीवन यापन कर रहे हैं मगर अपनी व्यस्त दिनचर्या के बावजूद अपने इष्ट देवी–देवताओं का स्मरण कभी नहीं भूलते। अपनी धार्मिक विरासत, दैवीय मान्यताओं व देव पूजन/स्मरण के पारंपरिक रीति रिवाजों का निर्वहन करते हुए दिनाँक 11–12 जून 2022 को मां धारी देवी डोली की प्रथम विशाल

भव्य शोभायात्रा लक्ष्मी नारायण मंदिर (बिरला मंदिर) से गढ़वाल भवन तक आयोजित की गई। शोभायात्रा के उपरांत धुन्याल आरती, उत्तराखंडी पारंपरिक वाद्य यंत्रों द्वारा देवी मंडाण, अर्घ्य पूजा के साथ भंडारे का आयोजन कर पूजा अर्चना के साथ मां की दिव्य डोली को विदाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा की चाकचौबंद व्यवस्था हेतु एम.एस. विजिलेंट सुरक्षा कंपनी के संस्थापक माननीय विजेंद्र नेगी जी और देश की राजधानी में पहाड़ी उत्पादों के जरिए विशुद्ध जैविक पहाड़ी खान–पान का संवर्धन कर रहे "पहाड़ी फ्रेश" के माननीय जितेंद्र रावत एवं मुरली ढौंडियाल जी के योगदान का आभार प्रकट करता हूँ। इस धार्मिक कार्यक्रम के भव्य आयोजन में दान–दाताओं का अहम योगदान रहा जिनका मुख्य विवरण निम्न लिखित है।

| क्र.सं. | दानीदाता का नाम | धन राशि |
|---|---|---|
| 1. | मयूर पब्लिक स्कूल के संस्थापक एवं शिक्षाविद सर्व श्री मनवर सिंह रावत जी | 51,000 / रुपये |
| 2. | सुप्रीम एडवरटाइजिंग प्रा.लि. के निदेशक सर्व श्री जी.एस.रावत जी | 25,000 / रुपये |
| 3. | श्री सुधीश नेगी जी (कार्यकारिणी सदस्य ) | 6,000 / रुपये |
| 4. | श्री राम स्वरूप कंसवाल जी (कार्यकारिणी सदस्य ) | 5,100 / रुपये |
| 5. | श्री द्वारिका प्रसाद भट्ट जी (महासचिव ) | 1,100 / रुपये |
| 6. | श्रीमती यशोदा घिल्डियाल जी ( कार्यकारिणी सदस्या ) | 1,100 / रुपये |
| 7. | श्री विजय जरधारी जी (सभा सदस्य ) | 1,100 / रुपये |
| 8. | श्री प्रताप सिंह नेगी जी (सभा सदस्य ) | 1,100 / रुपये |
| 9. | श्री वीरेंद्र सिंह कैंतुरा जी (सभा सदस्य ) | 1100 / रुपये |

इस कार्यक्रम में सभा को कुल 1,53,599 /– ( एक लाख तिरेपन हजार पांच सौ निन्यानबे रुपये मात्र ) का अनुदान प्राप्त हुआ। जिसमें कार्यकारिणी के श्री मुरारी लाल खण्डूड़ी जी, श्रीमती मनोरमा भट्ट, विकास चमोली जी, धीरेन्द्र रावत जी, बलबीर सिंह रावत जी, जोत सिंह भण्डारी जी, जगत सिंह पंवार एवं श्रीमती यशोदा घिल्डियाल जी का विशेष योगदान रहा। मैं सभी आदरणीय दान–दाताओं का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ । साथ ही अनुदान प्राप्ति के लिए कार्यकारिणी के कुशल व सफल प्रयासों की भूरि–भूरि प्रशंसा करता हूँ ।

**अलकनंदा हॉल की बाहरी दीवारों पर उत्तराखंडी लोक कला संस्कृति के चित्रः–** 15 मई 2022 को कार्यकारिणी के साथ सलाहकार मंडल की संयुक्त बैठक में यह प्रस्ताव आया था कि भवन की दीवारों पर उत्तराखंड के पारंपरिक लोक कला संस्कृति के चित्रों की पेंटिंग बनाई जानी चाहिए । कार्यकारिणी ने उक्त प्रस्ताव का सम्मान करते हुए जुलाई माह की मासिक बैठक में अलकनंदा हॉल की बाहरी दीवार पर लोक कला संस्कृति की पेंटिंग बनवाने का प्रस्ताव पारित किया। तत्पश्चात अगस्त 2022 में गढ़वाल मंडल के मूल निवासी चित्रकार श्री रवींद्र गुड़ियाल जी द्वारा सुंदर मनोहारी चित्रों की पेटिंग बनाई गयी। आप लोग कभी भी इन मनमोहक चित्रों का अवलोकन कर सकते हैं।

**आजादी का अमृत महोत्सवः–** 15 अगस्त 2022 को आजादी की 75वें वर्ष के एतिहासिक उपलक्ष्य में झंडारोहण कर अमृत महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री अरविंद सिंह रावत जी का प्रेरणादाई सानिध्य प्राप्त हुआ। झंडारोहण में समस्त कार्यकारिणी, पूर्व सभा पदाधिकारीगण, समाज के वरिष्ठ समाजसेवियों के साथ उपस्थित जनमानस के मध्य साहित्यिक सचिव श्रीमती मनोरमा भट्ट जी की मनोहारी देशभक्ति भजन प्रस्तुति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की।

**वीर चंद्र सिंह गढ़वाली शताब्दी वर्ष मेधावी छात्र सम्मान –2022ः–** मान्यवर कहते हैं छात्र किसी भी परिवार, समाज और देश के भविष्य होते हैं । विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिल्ली एनसीआर में प्रवास कर रहे गढ़वाल मंडल के

मूल निवासी छात्र–छात्राओं जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2021–2022 की बोर्ड परीक्षाओं में 90% या उससे अधिक अंक प्राप्त किये थे, उन मेधावी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार –दिनाँक 11 सितंबर 2022 को खचाखच भरे भागीरथी सभागार में पेशावर कांड के महानायक एवं उत्तराखंड की महान विभूति की स्मृति में आयोजित ''वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेधावी छात्र सम्मान–2022'' से विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें दसवीं कक्षा के तिहत्तर (73) और बाहरवीं कक्षा के अठासी (88) विधार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप प्रत्येक मेधावी छात्र–छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं एक हजार रुपये नगद (1000 रुपये) प्रदान कर उनकी प्रतिभा का सम्मान किया गया। साथ ही इस सुअवसर पर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) में चयनित होने की विशेष उपलब्धि पर अर्नव शर्मा सुपुत्र श्री सुशील शर्मा और शताब्दी वर्ष शुभंकर डिजाइन में विशेष योगदान हेतु पूजा बरोली सुपुत्री श्री रुप चंद बरोली, मयंक जोशी सुपुत्र श्री देवेंद्र जोशी तथा सभा की नई वेबसाइट **(www.garhwalhiteshnisabha.com)** निःशुल्क बनाने हेतु वेबसाइट डेव्लपर (Developer) अभिषेक गोसांई सुपुत्र श्री देवेंद्र गोसांई जी को भी विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया ।

मान्यवर, उपरोक्त मेधावी छात्र सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में उत्तराखंड के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, डॉ. धन सिंह रावत जी, प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार में कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री मंगेश घिल्डियाल जी (IAS), उप सचिव की प्रेरणादायक उपस्थिति तथा विशिष्ट अतिथियों के रुप में दिल्ली सरकार में विशेष सचिव, श्री कुलानंद जोशी जी (IAS), नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष, श्री सतीश उपाध्याय जी, हिंदी संस्कृत अकादमी के सचिव, डॉ. जीतराम भट्ट जी, गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी अकादमी दिल्ली सरकार के उपाध्यक्ष, श्री कुलदीप भंडारी जी, ईस्ट दिल्ली नगर निगम स्टैंडिंग कमेटी के पूर्व चेयरमैन, श्री वीर सिंह पंवार जी, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री अरविंद सिंह रावत जी, दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता, श्री संजय दरमोड़ा जी, डीपीएमआई के निदेशक, श्री विनोद बछेती जी, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के पूर्व सदस्य, श्री वी.एस.भाटी जी, दिल्ली नगर निगम साउथ जोन के पूर्व चेयरमैन, श्री सुभाष भड़ाना जी, शिक्षाविद श्री मनवर सिंह रावत जी, दिल्ली पुलिस के सहायक पुलिस उपायुक्त, श्री हरीश कुकरेती जी, पत्रकार पूनम बिष्ट जी, टेलीकॉम सेक्टर के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री ललित प्रसाद ढौंडियाल जी, सभा के पूर्व पदाधिकारीगण, वरिष्ठ सभा सदस्य, समाज के वरिष्ठ प्रबुद्धजन, पत्रकार बंधु, लोक कला संस्कृति, सामाजिक, साहित्यिक क्षेत्रों के वरिष्ठ गणमान्यजन, व बड़ी संख्या में छात्र–छात्राओं के अभिभावकों की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता एवं सार्थकता प्रदान की।

<u>प्रशासनिक कार्य :–</u>

**80G / 12A का नवीनीकरण**–: अप्रैल 2022 में आयकर विभाग–भारत सरकार से प्राप्त 80G सुविधा का नवीनीकरण किया गया साथ ही सामाजिक संस्थाओं को आयकर में छूट 12A का भी नवीनीकरण किया गया ।

**सभा का नया रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट हेतु आवेदनः**– सभा का पुराना रजिस्ट्रेशन नंबर X1941 था । सामाजिक स्वरूप की संस्थाओं को रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी द्वारा क्षेत्र वाइज करने के कारण 2017–2018 में बदलकर S / 184 हो गया था । इस संदर्भ में रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटी, जामनगर हाउस, नई दिल्ली को पत्र लिखकर नया रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी करवाने का अनुरोध किया गया।

**भवन की जर्जर जीर्ण–शीर्ण चारदीवारी का पुनर्निर्माणः**– वर्षों से भवन की जर्जर चारदीवारी का जीर्णोद्धार करने हेतु पत्रांक–ग.हि.स. / 18 / 2021 / 719 दिनाँक 13–12–2021 को दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी को पत्र लिखकर यथाशीघ्र विधायक निधि से फंड रिलीज करने का अनुरोध किया गया। तत्पश्चात मार्च 2022 में विधायक निधि का फंड 17 लाख रुपये एनडीएमसी के सिविल इंजिनियरिंग विभाग को रिलीज हुआ। फंड रिलीज होने के उपरांत एनडीएमसी द्वारा कार्य में शिथिलता बरतने के कारण कार्य आरंभ नहीं हुआ, तत्पश्चात दिनाँक 28–06–2022 को

पत्रांक–ग.हि.स. / 2022 / 18 / 73, दिल्ली के मुख्य सचिव, दिल्ली सरकार एवं मुख्य अभियंता, सिविल इंजिनियरिंग विभाग, एनडीएमसी को कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू करने हेतु पत्र लिखा गया। तत्पश्चात 11 जून 2022 को चारदीवारी पुनर्निर्माण का शिलान्यास सभा के कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज के गणमान्यजनों तथा पत्रकार बंधुओं की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मैं नई दिल्ली विधानसभा के विधायक एवं दिल्ली के माननीय मुख्यमंत्री, श्री अरविंद केजरीवाल जी का आभार प्रकट करता हूँ कि सभा की दशकों पुरानी मांग को पूरा कर बेहतरीन निर्माण सामग्री से सुसज्जित चारदीवारी का निर्माण करवाया। भवन सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी चारदीवारी निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु मैं पूर्व कार्यकारिणी के प्रयासों की भी सराहना करता हूँ। राजकीय सेवा का हिस्सा होने के कारण मेरा मानना है कि सरकारी कार्यों के लिए पत्राचार, टेंडर एवं फंड जारी की एक लंबी प्रक्रिया होती है ।

**दिल्ली–मेरठ–देहरादून राष्ट्रीय राज मार्ग, निगम बोध घाट एवं अकबर रोड़, नई दिल्ली का नाम परिवर्तन कर दिवंगत जनरल विपिन रावत के नाम से करवाने के संदर्भ में:–**

मान्यवर, राष्ट्र के सैन्य बलों एवं देश के तमाम जनमानस के मनोभावों का सम्मान करते हुए दिवंगत आत्मा की पुण्य स्मृतियों एवं शहादत को चिरायु बनाने के नेक उद्देश्य से आदरणीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय गृह मंत्री, श्री अमित शाह जी, माननीय रक्षा मंत्री, श्री राजनाथ सिंह जी, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, माननीय श्री नितिन गडकरी जी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी, उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री, श्री पुष्कर सिंह धामी जी एवं उत्तराखंड के सभी माननीय सांसदों से पत्राचार कर दिल्ली–मेरठ–देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम **"जनरल विपिन लक्ष्मण सिंह रावत"** जी के नाम पर रखने का अनुरोध किया गया। साथ ही देश की राजधानी दिल्ली में अकबर रोड़ का नाम **"जनरल विपिन लक्ष्मण सिंह रावत"** रखने हेतु दिल्ली के तत्कालीन माननीय उपराज्यपाल, श्री अनिल बैजल जी, माननीय मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के तत्कालीन चेयरमैन श्री धर्मेंद्र जी, परिषद के उपाध्यक्ष, श्री सतीश उपाध्याय जी सहित एनडीएमसी के तमाम नामित सदस्यों को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया। माननीय सदस्यों की जानकारी हेतु बता दूं कि इस संदर्भ में अपेक्षित परिणाम हेतु शीघ्रता से प्रशासनिक कार्यवाही हो रही है।

**वालेंटियर फ़ॉर बेटर गढ़वाल:–** यह सभा की महत्त्वाकांक्षी योजना है। ग्लोबलाइजेशन के दौर में फॉरेन लैंग्वेज रोजगार गारंटी की वास्तविक पुकार है । इसी संदर्भ में दिसंबर 2021 में सभा के पदाधिकारियों ने साउथ एक्स स्थित लैंग्मा स्कूल ऑफ लैंग्वेज के प्रशासनिक प्रमुख श्री संजीव रावत जी से मुलाकात कर समाज के गरीब छात्रों को मुफ्त /रियायती दरों में फॉरेन लैंग्वेज सिखाने का अनुरोध किया । जिस पर सभा को दिनाँक 31–12–2021 को लिखित प्रतिक्रिया देते हुए लैंग्मा स्कूल ऑफ लैंग्वेज प्रबंधन ने 10 बच्चों को मुफ्त और 20 बच्चों को आधी फीस पर फॉरेन लैंग्वेज सिखाने की सूचना दी। गौरतलब है कि उपरोक्त लैंग्वेज संस्थान में विश्व की 150 भाषाओं की शिक्षा दी जाती है । मैं श्री संजीव रावत जी का धन्यवाद करता हूँ कि सभा के प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रदान कर सभा की इस बेहद महत्वकांक्षी योजना को उड़ान दी। एडमिशन प्रक्रिया के लिए शीघ्र ही समाज के गरीब जरुरतमंद छात्र–छात्राओं से आवेदन मंगवाये जाएंगे । उम्मीद है फॉरेन लैंग्वेज में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित होगी । इस योजना के तहत समाज के नौजवानों से अपील है कि गढ़वाल मंडल के सुदूर ग्रामीण इलाकों में अपनी जन्मभूमि –मातृभूमि एवं राज्य के लिए अगर आप कोई जनसरोकारों से संबंधित जनहितैषी कार्य करने के इच्छुक हैं तो सभा कार्यालय से संपर्क कर वालिंटियर फ़ॉर बेटर गढ़वाल का फार्म भरकर जमा कर दें ।

**उत्तराखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में "चल अस्पताल" सेवा:–** उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में वहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण आबादी का एक बड़ा वर्ग जैंसे महिलाएं ( विशेषतया गर्भवती महिलाएं ) वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग और बच्चे आज की 21वीं सदी में भी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित हैं। उत्तराखंड का जनमानस स्वच्छ हवा, पानी तथा प्रदूषण रहित

वातावरण के बावजूद आज मधुमेह, हृदय रोग, कैंसर, किडनी आदि की गंभीर बिमारियों से जूझ रहा है। उचित स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसवोपरांत होने वाली बीमारियों का लगातार सामना करना पड़ता है। वक्त पर समुचित चिकित्सा जांच, परामर्श और दवाई आदि न मिलने के कारण छोटी बिमारियां बढ़ते–बढते गंभीर बीमारी का रुप ले लेती है तो लोगों को देहरादून दिल्ली आदि शहरों के अस्पतालों में जाना पड़ता है, फलस्वरूप गरीब मरीजों पर अनावश्यक वित्तीय बोझ पड़ता है। उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की इस चिरलंबित समस्या के निदान हेतु सभा ने (पत्रांक–ग.हि.स./ 17/2021/720) उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव एवं महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखंड सरकार को दिनाँक 10–12–2021 को पत्र लिखकर स्वास्थ्य सेवा आपके द्वार के तहत उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में चल अस्पताल/ मोबाइल अस्पताल वैन चलाये जाने का सादर अनुरोध किया जिससे छोटी–छोटी बीमारियों को घर पर इलाज कर गंभीर होने से बचाया जा सकें ।

**भवन में नया वाटर कूलरः**– सुप्रीम एडवरटाईजिंग प्रा.लि. के निदेशक माननीय श्री जी.एस. रावत जी के सौजन्य से भवन में नया वाटर कूलर लगवाया। मैं तहदिल से श्री रावत जी का धन्यवाद करता हूँ।

**संपत्ति कर (2022–2023):**– कोर्ट केसों से जूझती सभा के लिए भवन का संपत्ति कर एक जटिल एवं पेचीदा मामला बनता जा रहा है। पूर्व कार्यकारिणी ने इस मसले को सुलझाने के लिए एडवोकेट श्री बद्री प्रसाद अंथवाल जी को सभा की तरफ से अधिकृत किया था। अंथवाल जी ने एनडीएमसी के संपत्ति कर विभाग में छूट न मिलने पर आपत्ति दायर की थी, इस संदर्भ में सभा ने निदेशक संपत्ति कर को दो पत्र एवं केंद्रीय मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी जी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन पत्र सौंपकर अनुरोध किया था कि भवन का संपत्ति कर का बिल सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं चैरिटेबल की श्रेणी में भेजा जाय तथा पिछले बकाया बिलों को भी इसी श्रेणी में समायोजन किया जाय, परन्तु विभाग ने सभा के अनुरोध पर अभी तक कार्यवाही नहीं की, सभा को पिछले माह दिनाँक 22–08–2022 का Rs. 89,30,435/– ( नवासी लाख तीस हजार चार सौ पैंतीस रुपये) का संपत्ति कर बिल प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2021–2022 में यह बिल Rs. 85,40,748 (पिचासी लाख चालीस हजार सात सौ अड़तालीस रुपये ) का था । मैं यहाँ उपस्थिति सभा के सभी सम्मानित सदस्यों से अपील करता हूँ कि इस विकट समस्या को सुलझाने में अगर कोई सदस्य सभा की मदद करना चाहता है तो वह महानुभाव किसी भी कार्य दिवस में मुझसे या अध्यक्ष जी से सभा कार्यालय में मिल सकते हैं ताकि इस समस्या का उचित समाधान हो सके।

**दिवंगत अंकिता भंडारी की श्रद्धांजलि सभाः**– गढ़वाल हितैषिणी सभा के आह्वान पर दिनाँक – बुधवार, 28 सितंबर 2022 को सांय 5 बजे गढ़वाल भवन में विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाज के गणमान्यजनों, कला संस्कृति, साहित्यिक, मीडिया के पत्रकार बंधुओं की संयुक्त चिंतन गोष्ठी ( पहाड़ में बढते महिला अपराध ) के साथ–साथ दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम रखा गया । इस श्रद्धांजलि सभा / चिंतन गोष्ठी में 17–18 बिंदुओं पर मुख्य फोकस किया गया जिसका कि सभा के नेतृत्व में एक ज्ञापन प्रारूप तैयार कर प्रधानमंत्री कार्यालय भारत सरकार, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, राष्ट्रीय महिला आयोग एवं उत्तराखंड शासन को दिनाँक 12–10–2022 को प्रेषित किया गया।

**सभा के दिवंगत पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मोहबत सिंह राणा स्मृति सभा** :– गढ़वाल हितैषिणी सभा के पूर्व दिवंगत अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध कामगार नेता स्वर्गीय मोहबत सिंह राणा जी की द्वितीय पुण्य स्मृति पर उनके कर्मशील जीवन से जुड़े संस्मरणों /स्मृतियों को याद एवं नमन करते हुए दिनाँक – शुक्रवार, 30 सितंबर 2022 को सांय 5 बजे सभा मुख्यालय में "स्वर्गीय मोहबत सिंह राणा स्मृति सभा" का कार्यक्रम रखा गया जिसमें दिवंगत राणा जी के दोनों सुपुत्रों सहित सभा के पदाधिकारीगण,कार्यकारिणी सदस्य,सभा के वरिष्ठ सदस्य, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, समाज के विशिष्ट प्रबद्धजन, समाजसेवी, डेसू यूनियन के पदाधिकारी, मीडिया जगत के पत्रकार बंधुओं ने दिवंगत आत्मा की जीवन पटल पर अंकित अमिट स्मृतियों को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये ।

**शताब्दी वर्ष (1923–2023)** :– हमारे पूर्वजों की दूरदर्शी सोच, पारखी नजरों ने अपने गांव, घर–परिवारों से सुदूर प्रवासियों के हकहकूकों व सामाजिक एकता के नेक उद्देश्य हेतु आजादी से पूर्व सन् 1923 में गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) की स्थापना क्वेटा शहर (वर्तमान पाकिस्तान ) में की थी । क्वेटा, लाहौर, शिमला के एतिहासिक पड़ावों से गुजरती हुई सन् 1938 में सभा की एक शाखा दिल्ली में स्थापित की गई। धीरे–धीरे सभा स्थाई रूप से दिल्ली से संचालित होने लगी क्योंकि अधिकतर सक्रिय सदस्य, स्वतंत्रता के बाद भारत की राजधानी स्थाई रूप से दिल्ली घोषित होने पर दिल्ली में स्थानांतरित हो गए थे। दिल्ली आने पर सभा की गतिविधियों में सक्रियता आई जिसका एक मुख्य कारण गढ़वाल के प्रवासियों का यहां अधिक संख्या में होना भी था ।

मान्यवर, आज जिस जगह गढ़वाल भवन का सुंदर आकार विद्यमान है इस जगह को आवंटित करवाने में भी हमारे पूर्वजों ने लंबा संघर्ष किया था। आजादी के बाद चूंकि गढ़वाल समाज के लोग केंद्रीय सेवाओं में अधिक थे, लिहाजा भारत सरकार के मंत्रालयों में कार्य करने वाले सामाजिक विभूतियों ने सभा गतिविधियों के संचालन हेतु कार्यालय के लिए जमीन प्राप्ति के भगीरथ प्रयास शुरु कर दिये । कहते हैं नेक इरादों के प्रयास हमेशा रंग लाते है । नेक प्रयासों का सुखद परिणाम ये रहा कि सन् 1956 में शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से पूसा रोड़ पर सभा को जमीन आवंटित हुई। उन दिनों पूसा रोड़ घनघोर जंगल हुआ करता था लिहाजा सभा ने वहां जमीन लेने से इनकार कर दिया। जमीन आवंटन के प्रयास लगातार जारी रहे जिसका सुखद परिणाम ये रहा कि वर्ष 1958 में मौजूदा गढ़वाल भवन की जमीन सभा को आवंटित हुई, जिसका शिलान्यास 14 गते पौष विक्रम संवत 2015 ( 28 दिसंबर 1958) को टिहरी से लोकसभा के तत्कालीन सांसद, स्व. मानवेन्द्र शाह जी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। जमीन शिलान्यास के उपरांत जमीन पर चार कमरे और बरामदे का निर्माण हुआ। 1964–1965 तक स्वर्गीय जोध सिंह रावत जी के कुशल नेतृत्व/मार्गदर्शन में इन कमरों में गांव से रोजगार की तलाश में दिल्ली आये लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शिक्षित करने हेतु कक्षा एक से कक्षा पांच तक सांयकालीन विद्यालय संचालित किया जाता था।

मान्यवर, अगले वर्ष सभा अपनी स्वर्णिम स्थापना के 100वें एतिहासिक साल में प्रवेश करने जा रही है। हमारी इस पीढी का परम सौभाग्य है कि हम सब इन एतिहासिक क्षणों के साक्षी बनेंगे। वर्तमान कार्यकारिणी शताब्दी वर्ष को भव्य और वृहद रुप में मनाने हेतु कटिबद्ध है । इस संदर्भ में सभा द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है।

1. चित्र प्रदर्शनी।
2. गढ़वाल हितैषिणी सभा के इतिहास को प्रदर्शित करने हेतु एक वृत्त चित्र (Documentary) का निर्माण।
3. स्मारिका प्रकाशन।
4. खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन।
5. लोक कला, संस्कृति के संवर्धन, संरक्षण एवं प्रचार–प्रसार हेतु बड़े स्तर पर सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक आदि कार्यक्रमों का आयोजन।

मान्यवर, सभी सम्मानित सदस्यों से मेरा सादर अनुरोध है कि सभा के इतिहास से संबंधित लिखित या मौखिक कोई भी जानकारी / दस्तावेज अगर आपके संज्ञान में है तो कृपया सभा पदाधिकारियों के साथ साझा करने की कृपा करें। ताकि उनको संग्रहीत करके उनका दस्तावेजीकरण किया जा सकें। हमारा उद्देश्य है कि वर्तमान पीढी के अधिसंख्य लोग सभा की बुनियाद, इतिहास से परिचित हो सकें।

**विगत दस महीनों में शासन/प्रशासन एवं जन समस्याओं से संबंधित मुख्य पत्राचारः–**

1. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 17/2021/ 714,** श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार को जनपद – रूद्रप्रयाग, पट्टी बचंणस्यूं के अंतर्गत भूमरागढ़ से पौड़ीखाल–गहड़खाल निर्माणाधीन मोटर मार्ग को पौड़ी खाल तक पूरा करवाने के संबंध में ।

2. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 17/2021/719,** श्री अरविंद केजरीवाल, माननीय मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार को भवन की जर्जर चारदीवारी को विधायक निधि से फंड जारी कर निर्माण के संदर्भ में।

3. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 11/2021/725** निदेशक प्रवर्तन, एनडीएमसी को सेल वाले के अवैध बैनरों को हटवाने के संदर्भ में।

4. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 17/2021/742,** श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार को उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में "चल अस्पताल सेवा" आरंभ करवाने के संदर्भ में।

5. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 17/2021/746**, श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार को पट्टी इड़ियाकोट, ब्लॉक – रिखणीखाल, जनपद – पौड़ी गढ़वाल के अंतर्गत ग्राम कल्ली को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने के संदर्भ में ।

6. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 18/2022/001,** डॉ मोनिका प्रियदर्शिनी, जिलाधिकारी, नई दिल्ली जिला, एसडीएम नई दिल्ली जिला, एवं चेयरमैन एनडीएमसी को गढ़वाल भवन में कोविड केयर सेंटर संचालित करने के संदर्भ में।

7. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 17/2021/004,** जिलाधिकारी, टिहरी, वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक, जनपद – टिहरी एवं स्थानीय अधिसूचना ईकाई टिहरी गढ़वाल को उत्तराखंड में बाल एवं महिला अपराध नियंत्रण के संदर्भ में।

8. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 2022/40,** श्री रोहित राघव, विमहन्स न्याति सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल को भवन में निःशुल्क हेल्थ कैंप लगवाने के संदर्भ में।

9. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 11/2022/53,** निदेशक, संपत्ति कर विभाग, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को सभा का संपत्ति कर बिल को सामाजिक स्वरूप की श्रेणी में भेजने का अनुरोध।

10. **पत्रांकः– ग.हि.स./17/ 2022/73,** मुख्य सचिव, दिल्ली सरकार को भवन की चारदीवारी का कार्य यथाशीघ्र आरंभ करवाने के संदर्भ में।

11. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 11/2022/77,** निदेशक प्रवर्तन, एनडीएमसी को सेल वाले के अवैध बैनरों को हटवाने के संदर्भ में।

12. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 17/2022/78,** श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड एवं श्री सुखबीर सिंह संधु, मुख्य सचिव, उत्तराखंड सरकार को भूमिधर की पात्रता निकटतम परिजनों को प्रदान करने के संदर्भ में।

13. **पत्रांकः– ग.हि.स./ 17/2022/80,** श्री सुबोध उनियाल, माननीय वन मंत्री, उत्तराखंड सरकार, जिलाधिकारी, जनपद – चमोली, प्रभागीय वन अधिकारी, जनपद – चमोली को हेलंग घाटी, जनपद – चमोली गढ़वाल में ग्रामीण घसियारियों के साथ किये गये अमानवीय व्यवहार के संदर्भ में।

14. **पत्रांकः— ग.हि.स. / 12 / 2022 / 82**— निदेशक, संपत्ति कर विभाग, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद को सभा का संपत्ति कर बिल को सामाजिक स्वरूप की श्रेणी में भेजने का अनुरोध।

15. **पत्रांकः— ग.हि.स. / 60 / 2022 / 84**— श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, माननीया सांसद टिहरी को सामाजिक संस्था पर्वतीय लोक कला संस्कृति संस्थान से प्राप्त ज्ञापन पत्र को कार्यवाही हेतु अग्रसारित।

15. **पत्रांकः— ग.हि.स. / 11 / 2022 / 104**— मुख्य अभियंता, एनडीएमसी, सिविल इंजीनियरिंग विभाग को चारदीवारी निर्माण कार्य में क्षतिग्रस्त बिजली पानी की लाइन एवं फ़र्श के मरम्मत के संदर्भ में।

16. **पत्रांकः— ग.हि.स. / 17 / 2021 / 107,** श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार, श्री सतपाल महाराज, माननीय मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखंड सरकार को जनपद टिहरी, विकासखंड भिलंगना की भिलंग पट्टी के अंतर्गत विभिन्न गांवों को मोटर मार्ग से जोड़ने व जर्जर सड़कों का डामरीकरण के संदर्भ में।

17. **पत्रांकः— ग.हि.स. / 17 / 2021 / 113,** श्री सतपाल महाराज माननीय आपदा प्रबंधन मंत्री उत्तराखंड सरकार को ग्राम थार्थी ,पट्टी नैलचामी, विकासखंड भिलंगना, घनसाली, जिला – टिहरी गढ़वाल में प्राकृतिक आपदा के कारण काश्तकारों के बह गये खेत खलिहानों का मुआवजा एवं क्षतिग्रस्त पेय जलापूर्ति बहाल करने के संदर्भ में।

18. **पत्रांकः— ग.हि.स. / 17 / 2021 / 114,** जिला आपदा प्रबंधन, अधिकारी, नई टिहरी, उत्तराखंड सरकार, को ग्राम जाखी, पो.पिपलीधार,पट्टी डागर, जिला टिहरी गढ़वाल में प्राकृतिक आपदा के कारण काश्तकार सूरवीर सिंह महर जी की 25 नाली सिंचित जमीन बहने के कारण उचित पैमाइश कर मुआवजा दिलाने के संदर्भ में।

19. **पत्रांकः— ग.हि.स. / 17 / 2021 / 107,** श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार, एवं गढ़वाल मंडल आयुक्त, जिला मुख्यालय पौड़ी को,उत्तराखंड प्रवासी राज्य आंदोलनकारी श्री मनोरथ प्रसाद नवनी जी द्वारा प्राप्त ज्ञापन पत्र जिसमें आरोप है कि उत्तराखंड में उनके पैतृक गांव की संपत्ति को भूमाफियाओं द्वारा कब्जा कर लिया है,पर कार्यवाही के संदर्भ में ।

20. **पत्रांकः— ग.हि.स. / 17 / 2021 / 107,** श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड सरकार, श्रीमती रितु भूषण खंडूड़ी माननीया अध्यक्षा, उत्तराखंड विधानसभा, श्रीमती रेखा आर्य, माननीया मंत्री बाल विकास एवं महिला सशक्तिकरण उत्तराखंड सरकार, मुख्य सचिव, उत्तराखंड सरकार, जिलाधिकारी, टिहरी, जिलाधिकारी पौड़ी, पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड को ,प्रतापनगर ब्लॉक जिला टिहरी गढ़वाल की 22 वर्षीय विवाहिता प्रीती के साथ ससुरालियों द्वारा अत्याचार एवं ऋषिकेश में घटित वीभत्स अंकिता भंडारी हत्याकांड के संदर्भ में ।

**धर्मशाला / गेस्ट हाउस का अनुबंधः**— 1 अप्रैल 2022 से भवन में सभा की धर्मशाला—गेस्ट हाउस के रख—रखाव व संचालन हेतु श्री मुकेश रावत पुत्र स्वर्गीय इंद्र सिंह रावत के साथ नई शर्तों के साथ करारनामा किया गया ।

**भवन में मरम्मत के कार्य**—: भवन में निम्नलिखित मरम्मत के कार्य करवाये गये ।

(i) अलकनंदा हॉल और उसकी छत की मरम्मत।

(ii) अलकनंदा हॉल की बाहरी दीवार पर उत्तराखंड की लोक कला, संस्कृति के चित्र तथा सीलन से बचाने हेतु टिनशेड लगवाया ।

(iii) अलकनंदा तथा गंगा हॉल के पुराने क्षतिग्रस्त दरवाजों को बदलकर नये दरवाजों की फिटिंग ।

(iv) गंगा हॉल की मरम्मत।

(v) गेस्ट हाउस ब्लॉक के भूतल एरिया में शौचालयों के क्षतिग्रस्त दरवाजे बदलकर नये दरवाजों की फिटिंग ।

(iv) भागीरथी हॉल में महिला शौचालय के दरवाजे, नल एवं पुरुष शौचालय के नल दरवाजा आदि का कार्य।

(vi) सभा का मुख्य कार्यालय तथा ग़गा हॉल के शौचालयों की मरम्मत।

(vii) जर्जर सभा कैंटीन की मरम्मत एवं टिनशेड स्थापित किया।

(viii) सुचारू पानी व्यवस्था हेतु डैमेज समरसेबल पंप की जगह नया पंप फिटिंग।

(ix) चारदीवारी निर्माण में क्षतिग्रस्त पानी की पाइपलाइन, फर्श रिपेयरिंग तथा कैंटीन में बिजली की नई लाइन फिटिंग ।

**भवन में हॉल उपलब्धताः**— देश की राजधानी दिल्ली में आज गढ़वाल भवन सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के केंद्र के रुप में निरंतर उभरता जा रहा है । माननीय सदस्यगण देश के राष्ट्रीय अखबारों में भवन गतिविधियों की खबरें लगातार सुर्खियों के साथ प्रकाशित होती रहती है । भवन के रख—रखाव व सामाजिक गतिविधियों को सुचारू रुप से चलाने के उद्देश्य से सभा समाज के सभी वर्गों को नियमानुसार भवन में हॉल उपलब्ध करवाती है। हॉल बुकिंग शुल्क राशि में वर्तमान कार्यकारिणी ने कोई बदलाव नहीं किया है, अर्थात पिछली कार्यकारिणी की तरह आज भी वही राशि ली जा रही है । सभा उत्तराखंड की पंजीकृत सामाजिक संस्थाओं को उनके सामाजिक, सांस्कृतिक साहित्यिक, शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निर्धारित नियमों के अंतर्गत निःशुल्क / विशेष सुविधा/छूट, के तहत भी जगह/हॉल उपलब्ध कराती है ।

**आर्थिक सहायताः**— अपने सामाजिक स्वरूप को मध्य—नजर रखते हुए गढ़वाल हितैषिणी सभा समय—समय पर निःसहाय,निर्धन,विधवा महिलाओं, असाध्य रोगों से जूझते रोगियों को इलाज के लिए, जरूरतमंद गरीब मेधावी छात्रों को शिक्षा आदि के लिए निर्धारित मानकों के तहत पूर्व अध्यक्ष स्व. मोहबत सिंह राणा जी की स्मृति में गठित **"मोहबत सिंह राणा ग.हि.स. आर्थिक सहायता निधि"** से लगातार मदद करती आ रही है। वास्तविक जरुरतमंदों तक मदद पहुंचाने के नेक उद्देश्य से सभा के संगठन सचिव श्री मुरारी लाल खंडूड़ी जी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय आर्थिक सहायता समिति गठित की गई है। आवेदकों के दस्तावेजों की जांच के उपरांत समिति की संस्तुति पर नवंबर 2021 से सितंबर 2022 तक सात जरुरतमंदों को 70,000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| क्र.स. | आवेदक | आर्थिक सहायता का कारण | सहायता राशि ( रु0 में ) |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती शंकुतला देवी | विधवा महिला | Rs. 10.000 |
| 2. | श्रीमती सुमन देवी | विधवा महिला | Rs. 10.000 |
| 3. | श्रीमती किरन देवी | इलाज | Rs. 10.000 |
| 4. | श्रीमती ऊषा रावत | इलाज | Rs. 10.000 |
| 5. | श्रीमती सविता | इलाज | Rs. 10.000 |
| 6. | श्री जनार्दन नौटियाल (लोकगायक) | इलाज | Rs. 10.000 |
| 7. | कुमारी प्राक्षी नेगी | इलाज | Rs. 10.000 |

**शिक्षार्थ सहायताः**— गढ़वाल मंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रचार—प्रसार के उद्देश्य से सभा ने "शिक्षार्थ सहायता" के नाम से एक कोष का गठन किया है। इस कोष के माध्यम से सभा जरुरतमंद निर्धन छात्र—छात्राओं को सभा नियमानुसार

वित्तीय सहायता मुहैया करवायेगी। इसी कोष के तहत सभा के पूर्व उपाध्यक्ष माननीय श्रीकृत सिंह रावत जी की संस्तुति पर विकासखंड रिखणीखाल, जनपद पौड़ी गढ़वाल स्थित स्वन्त्रता सेनानी घनश्याम खंतवाल इंटर कॉलेज की प्रबंधन समिति को निर्धन छात्र–छात्राओं को फीस, कॉपी किताब, एवं स्कूल ड्रेस हेतु Rs.20,000/ (बीस हजार रुपये मात्र ) की सहायता राशि प्रदान की गई ।

**कोर्ट केसों के संदर्भ में** :– माननीय सदस्यगण जैसा कि आपको विदित ही है कि विगत कई वर्षों से सभा कोर्ट केसों के भंवर जाल में उलझी हुई है। जिससे न केवल कार्यकारिणी की ऊर्जा एवं अमूल्य समय नाहक ही व्यर्थ हो रहा है अपितु धन का भी व्यय हो रहा है। यद्यपि वर्तमान कार्यकारिणी ने नवंबर 2021 से वर्तमान समय तक किसी भी वकील को कोई फीस भुगतान नहीं किया है । इसी संदर्भ में सभा के अध्यक्ष श्री अजय सिंह बिष्ट जी के नेतृत्व में सभा का एक प्रतिनिधि मंडल ने दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री संजय शर्मा दरमोड़ा जी से उनके कार्यालय में मुलाकात की, जिसका सुखद परिणाम ये रहा कि दरमोड़ा जी सभा के केसों की पैरवी बगैर किसी फीस के तैयार हो गये। इस रिपोर्ट और सदन के माध्यम से मैं आदरणीय दरमोड़ा जी का आभार प्रकट करता हूँ कि सभा के हर वर्ष वकीलों की फीस पर व्यय होने वाले भारी वित्तीय बोझ से सभा को निजात दिलाई । कोर्ट केसों की वर्तमान स्थिति निम्नलिखित है।

**CS No. 58810/2016– ग.हि.स. बनाम मैसर्स इकॉनोमी सेल** :– सभा द्वारा पजेशन ( कब्जा ) हेतु सेल वाले पर यह मुकदमा साल 2008 में दायर किया गया था । सभा ने सभी साक्ष्य /दस्तावेज अदालत में जमा कर दिये हैं जिस पर माननीय न्यायालय में सुनवाई लंबित है । इस केस की अगली तारीख ( Date of Hearing ) 16 नवंबर 2022 को मुकर्रर हुई है।

**CS No. 58311/2016 – मैसर्स इकॉनोमी सेल बनाम ग.हि.स.** :– यह केस सेल वाले रवि कमल गुप्ता ने 85 लाख रुपये की रिकवरी हेतु सभा पर दायर किया हुआ है। यह केस साक्ष्य एवं बहस हेतु अदालत के समक्ष विचाराधीन है। इस केस की अगली तारीख 16 नवंबर 2022 को मुकर्रर हुई है ।

**CS No. 2896 /2014 – मैसर्स इकॉनोमी सेल बनाम ग.हि.स.** :– वर्ष 2014 की तत्कालीन कार्यकारिणी ने भवन के मुख्य गेट को सेल वाले के ग्राहकों को रोकने के उद्देश्य से आम आवाजाही के लिए बंद कर दिया था जिस पर सेल वाले का मालिक रवि कमल गुप्ता ने सभा पर कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया था । जो कि सुनवाई के लिए अदालत में विचाराधीन है । इस केस की अगली तारीख 16 नवंबर 2022 को मुकर्रर हुई है। उपरोक्त तीनों केसों की सुनवाई साथ–साथ चल रही है।

**FIR No. 272/2014** :– इस केस में सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री गंभीर सिंह नेगी एवं अन्य के विरुद्ध सेल वाले के खिलाफ व्यवधान उत्पन्न करने हेतु मंदिर मार्ग थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी । यह केस न्यायिक मजिस्ट्रेट पटियाला हाउस कोर्ट में विचाराधीन है जो कि कोरोनाकाल से सुनवाई के लिए स्थगित है।

**FIR No.110/2008**:– सेल वाले गुप्ता और सभा के मध्य हुए अनुबंध पत्र में की गयी कटिंग ( Tempering ) के बावत दर्ज शिकायत न्यायिक मजिस्ट्रेट पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हेतु लंबित है। कोरोनाकाल से सुनवाई स्थगित है।

**CA No.247/2019– ग.हि.स. बनाम एनडीएमसी**:– इस केस में दिनाँक 1 अक्टूबर 2019 को उप–जिला सत्र न्यायाधीश पटियाला हाउस ने निर्णय दिया था जिसमें सभा एवं अन्य तीन पूर्व पदाधिकारियों को दो माह जेल के साथ प्रत्येक को रुपये 1000/– (एक हजार मात्र) का आर्थिक दंड की सजा का निर्णय सुनाया गया था। जिसके विरूद्ध अपील में जाने का अवसर माननीय न्यायालय द्वारा दिया गया था। मगर तत्कालीन कार्यकारिणी ने अपील में न जाने का फैसला किया था। उक्त केस वर्तमान कार्यकारिणी के संज्ञान में आया तो सर्वसम्मति से सभा हित में केस की पैरवी करने का निर्णय लिया। कार्यकारिणी ने वकीलों से सलाह मशवरा कर एक प्रार्थना पत्र साक्ष्यों के साथ न्यायालय में जमा करवाया है। इस केस की अगली तारीख 01–11–2022 को मुकर्रर हुई है।

मान्यवर, सभा के वित्तीय कार्यों के लेखा–जोखा का निष्पादन पूरी सतर्कता, पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ सभा के कोषाध्यक्ष श्री गुलाब सिंह जयाड़ा जी द्वारा संचालित किये जा रहे हैं । सभा के वित्तीय कार्यो को आंतरिक लेखा निरीक्षक श्री नारायण सिंह रावत जी द्वारा हर महीने जांचा जाता है । साथ ही वित्तीय कार्यों का सालाना ऑडिट/ निरीक्षण सभा द्वारा नियुक्त चार्टर्ड अकाउंटेंट टी.प्रसाद एंड कंपनी द्वारा किया जाता है। महासचिव रिपोर्ट के पश्चात कोषाध्यक्ष श्री गुलाब सिंह जयाड़ा जी द्वारा वित्तीय वर्ष 2021–2022 की ऑडिट रिपोर्ट एवं 1 अप्रैल 2022 से 30 सितंबर 2022 तक की अंतरिम रिपोर्ट आपके समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जायेगी ।

मान्यवर, जैंसा कि सर्व विदित ही है कि गढ़वाल भवन देश की राजधानी दिल्ली में प्रवासी गढ़वाली समाज की अस्मिता तथा सांस्कृतिक,साहित्यिक व सामाजिक गतिविधियों के प्रतीक के रुप में राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अपनी पहचान बनाता जा रहा है । पूर्वजों की इस अमूल्य धरोहर को हमें संजोकर रखने के साथ–साथ अपनी आने वाली पीढियों के लिए एक ऐंसी विरासत का निर्माण करना है जिस पर भविष्य की नौजवान पीढियां गर्व कर सकें। चुनाव में हम लोग पैनलों में बंटे हुए थे मगर चुनाव संपन्न होने के साथ हम सभी का एक ही उद्देश्य है कि कैंसे पूर्वजों की इस धरोहर को आसमान की बुलंदियों पर पहुंचाया जाय । फिलहाल सेल वाला नासूर की तरह सभा की बुलंद राहों में रोड़ा बना हुआ है । देर – सवेर सेल वाले को जाना ही होगा जिसके लिए भरसक प्रयास निरंतर जारी है।

मान्यवर, सभा की संवैधानिक, सामाजिक गतिविधियों को पारदर्शिता व सुचारू रूप से संचालित करने में मुझे सभा के सभी पदाधिकारियों तथा समस्त कार्यकारिणी का पूर्ण सहयोग व समर्थन मिला जिसके लिए मैं उनका हृदय तल से धन्यवाद व आभार प्रकट करता हूँ । सलाहकार मंडल के साथ कार्यकारिणी की दो संयुक्त बैठक हो चुकी है । आपकी सलाह/सुझाव/ प्रस्ताव/ एवं मार्गदर्शन हेतु मैं सभी माननीय सलाहकार सदस्यों का भी तहेदिल से हार्दिक धन्यवाद करता हूँ साथ ही भविष्य में भी आपसे इसी तरह सहयोग की अपेक्षा करता हूँ ।

अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकाल कर महासमिति में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों का पुनः धन्यवाद करता हूँ । भवन एवं सभा हित में आपकी सलाह व सुझावों का हमेशा स्वागत है। विगत दस महीनों में सभा गतिविधियों की रिपोर्ट आपके समक्ष अवलोकनार्थ व अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। इसी के साथ मैं अपनी रिपोर्ट को विराम देता हूँ।

**शुभकामनाओं सहितः–**

**(द्वारिका प्रसाद भट्ट)**

**महासचिव (अवैतनिक)**

**दिनाँकः–23 अक्टूबर, 2022**
**गढ़वाल भवन,नई दिल्ली**

# सभा गतिविधियों की खबर... अखबारों की नजर

नई दिल्ली, बुधवार 10 नवम्बर-2021 राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

**ओपन सर्च**

नई दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश और हरियाणा से प्रसारित

## गढ़वाल हितैषिणी सभासंस्था के चुनाव संपन्न हुए अजय सिंह बिष्ट अध्यक्ष बने

राजू बोहरा.ओपन सर्च



नई दिल्ली। दिल्ली में रह रहे उत्तराखंड के प्रवासियों द्वारा वर्ष 1923 में बनाई गई सामाजिक संस्था गढ़वाल हितैषिणी सभा दिल्ली-एनसीआर की सबसे पुरानी व सबसे बड़ी संस्था है। करीब 98 साल पूर्ण कर चुकी इस संस्था के पास वर्तमान में 4 हजार से अधिक सदस्य हैं।

7 नवम्बर (रविवार) को दिल्ली के पंचकुयाँ रोड़ स्थित गढ़वाल भवन में गढ़वाल हितैषिणी सभा की नई कार्यकारिणी के आम चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमे मुख्य रूप से दो दलों पैनल न. 1 तथा पैनल न. 2 के बीच चुनाव हुआ। इसके लिए पिछले कई दिनों से जोर शोर से तैयारियां चल रही थी। आज सुबह 9 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई और शाम 5 बजे तक चली। जिसमे करीब 32 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल 4325 सदस्यों में से 1379 सदस्यों ने इस चुनाव प्रक्रिया में अपने मत का प्रयोग किया। देर शाम करीब 8 बजे से चुनाव परिणाम जारी किये गए। चुनाव के परिणाम एकतरफा रहे, पैनल न.1 के सभी प्रत्याशी विजयी हुए, जबकि पैनल न.2 के खाते में एक भी सीट नहीं गई। अध्यक्ष पर पैनल न.1 के उम्मीदवार अजय सिंह बिष्ट ने जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी शैलेन्द्र सिंह नेगी को 349 मतों से हराया। वहीं महासचिव पद भी पैनल न.1 के द्वारिका प्रसाद भट्ट ने जीत हासिल की।

उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी व निवर्तमान महासचिव पवन कुमार मैठाणी को 200 मतों से हराया। नई कार्यकारिणी इस प्रकार है अजय सिंह बिष्ट अध्यक्ष, जय सिंह राणा उपाध्यक्ष, द्वारिका प्रसाद भट्ट महासचिव, दीपक द्विवेदी सचिव, गुलाब सिंह जयाड़ा कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार पंत उप कोषाध्यक्ष, मुरारी लाल खंडूड़ी संगठन सचिव, संयोगिता ध्यानी सांस्कृतिक सचिव, मनोरमा भट्ट साहित्यिक सचिव,भगवान सिंह नेगी खेल सचिव!

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली, सोमवार, 15 नवंबर 2021

## गढ़वाल हितैषिणी सभा की बनी नई कार्यकारिणी

**विस, नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में रह रहे उत्तराखंडियों की सबसे पुरानी संस्था गढ़वाल हितैषिणी सभा की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ है। आम चुनाव में अजय सिंह बिष्ट की अगुआई वाले पूरे पैनल की जीत हुई है। शुक्रवार को नई कार्यकारिणी का गढ़वाल भवन में शपथ ग्रहण हुआ। सभा के नए अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, महासचिव द्वारिका प्रसाद भट्ट, सचिव दीपक द्विवेदी, कोषाध्यक्ष गुलाब सिंह जयाड़ा, उप कोषाध्यक्ष अनिल कुमार पंत, संगठन सचिव मुरारी लाल खंडूड़ी, सांस्कृतिक सचिव संयोगिता ध्यानी, साहित्यिक सचिव मनोरमा भट्ट, खेल सचिव भगवान सिंह नेगी हैं।

www.khel.nbt.in । नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 13 दिसंबर 2021

NBT कम्युनिटी कनेक्ट

## दिल्ली के गढ़वाल समाज ने शहीद वीरों को किया याद



**विस, नई दिल्ली :** गढ़वाल हितैषिणी सभा दिल्ली ने शनिवार को राष्ट्र नायक प्रथम प्रमुख सेंना अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत, उनकी धर्मपत्नी मधुलिका रावत एवं उनके साथ 8 दिसंबर को हादसे में दिवंगत हुए अन्य 11 जांबाज सैनिकों की स्मृति को नमन करने के लिए सभा आयोजित की।

यह सभा गढ़वाल भवन वीर चंद्रसिंह गढ़वाली चौक पंचकुयां रोड नई दिल्ली में आयोजित की गई। अपने राष्ट्र नायक व बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने गढ़वाल हितैषिणी सभा के वरिष्ठ सदस्य, उत्तराखंड समाज के गणमान्य लोग, समाजसेवी, साहित्यकार, पत्रकार व कलाकार बड़ी संख्या में गढ़वाल भवन पहुंचे। इस मौके पर सभा के अध्यक्ष अजयसिंह बिष्ट ने अपनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जनरल साहब को अनंत काल तक उनके पाराक्रम, बहादुरी, राष्ट्र भक्ति और युद्ध कौशल के लिए याद किया जाता रहेगा।

इस अवसर पर ले. जनरल अरविंद रावत, पार्षद गीता रावत, उत्तराखंड पत्रकार फोरम के अध्यक्ष सुनील नेगी व पूर्व महासचिव गढ़वाल हितैषिणी सभा डॉ. केदार सिंह ने अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन सभा महासचिव द्वारिका प्रसाद भट्ट ने किया ।

NBT कम्युनिटी कनेक्ट

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 21 मार्च 2022 www.nbt.in

## 100वें वर्ष में प्रवेश कर रही गढ़वाली हितैषिणी सभा ने जारी किया शुभंकर



**विस, नई दिल्ली : देश में गढ़वालियों** की सबसे पुरानी संस्था गढ़वाल हितैषिणी सभा अगले साल अपने 100 वर्ष पूरे कर रही है। साल 1923 में लाहौर में सभा की स्थापना हुई थी। आज संस्था दिल्ली के पंचकुइयां रोड स्थित गढ़वाल भवन से संचालित होती है।

सभा ने रविवार को गढ़वाल भवन में शुभंकर का विमोचन किया। सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया कि हमारी योजना शताब्दी वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू करने की है। इनमें साहित्यिक, सांस्कृतिक तमाम तरह के कार्यक्रम होंगे। शुभंकर को डिजाइन करने के लिए कई छात्र-छात्राओं से आवेदन मंगवाए गए थे जिनमें से पूजा बरौली, मयंक जोशी और अंकित भट के डिजाइन सिलेक्ट करके और उन्हें समायोजित करके यह शुभंकर बना। सभा के सलाहकार महावीर सिंह राणा ने सुझाव दिया कि शताब्दी समारोह दिल्ली में ही किसी बड़े स्थान पर होना चाहिए। हिंदी और गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी अकादमी के सचिव जीतराम भट्ट ने कार्यक्रम में अपनी बात गढ़वाली में रखते हुए कहा कि अभी गढ़वाली समाज सांस्कृतिक रूप से संगठित हो रहा है और धीरे-धीरे वे राजनीतिक रूप से भी संगठित होंगे।

गढ़वाली हास्य कवि सम्मेलन भी हुआ जिसमें मुख्य रूप से कवि दिनेश ध्यानी, जयपाल सिंह रावत, ललित केशवान आदि ने ध्यान आकर्षित किया। बीजेपी मयूर विहार जिला के अध्यक्ष विनोद बछेती ने कवियों को सम्मानित किया।

NBT कम्युनिटी कनेक्ट

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 11 अप्रैल 2022 www.nbt.in

## गढ़वाल भवन में हेल्थ चेक-अप कैंप



**विस, नई दिल्ली** : दिल्ली के गढ़वाल भवन में शनिवार को हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया गया। इसे आयोजित करने वाली गढ़वाल हितैषिणी सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया कि कोविड से गुजरने के बाद आम लोग कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। हमने हेल्थ कैंप में फेफड़ों की जांच से लेकर हड्डियों की जांच तक को शामिल किया। इस दौरान लोगों को विमहंस नियति सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के डॉक्टरों ने मुफ्त डॉक्टरी परामर्श दिया।

## गढ़वाल हितैषिणी सभा ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

नई दिल्ली, (वीअ)। गढ़वाल हितैषिणी सभा (पंजी.) दिल्ली, गढ़वाल भवन, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली चौक, पंचकुइयां रोड नई दिल्ली, 110001 में शताब्दी वर्ष (100 वर्ष पूर्ण करने जा रही है) इस उपलक्ष्य में सभा की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। हितैषिणी सभा ने आम जनमानस के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उनके स्वास्थ्य पे प्रति जागरूकता लाने के लिए इस कैंप का मुख्य उद्देश्य है।



दीप जलाकर स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के प्रबुद्धजन बीर सिंह पंवार, चेयरमैन इंडीएमसी स्टैंडिंग कमेटी, समाजसेवी व पूर्व महासचिव महाबीर सिंह राणा, मनवर सिंह, रावत, उपाध्यक्ष, गढ़वाली कुमाउनी, जौनसारी अकादमी दिल्ली सरकार, डीपीएमआई के निदेशक श्री विनोद बछेती एवं ललित मोहन नेगी, ए.सी.पी, दिल्ली पुलिस सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट, महासचिव द्वारिका प्रसाद भट्ट, पदाधिकारी एवं समस्त कार्यकारिणी व फाउंडर सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने के लिए सभा ने विमहन्स नयाती सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल के मुख्य चिकित्सकों की टीम, माता पार्बती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट, एवम डीपीएमआई का विशेष आभार व्यक्त किया।

इस स्वास्थ्य शिविर में फिजिशियन परामर्श, फेफड़ों की जांच, रक्त चाप की जांच, ई.सी.जी, हड्डी रोग विशेषज्ञ परामर्श, हड्डियों की जांच, मधुमेह जांच, ऊंचाई एवं भार, राबाद बर्म आदि के बारे में परामर्श दिया गया एवं जांच की गई।

...। नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में चोरी ... वाईफाई की तार लगा रहे एक व्यक्ति

J-(Civil)-12
In The Court of
Sh. Harish Dudani, District Judge (Commercial Court) South-West District, Court No. 693, 6th floor District Courts, Dwarka, New Delhi.
(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
Suit No. CS (Comm): 103/2020
Indian Bank
Vs
Babita
To,
Defendant No. 1, Ms. Babita (Proprietor Kushi V Trading Corp.) W/o Devanand R/o H. No. B-641 MIG Flats, Loni Road Shandra Mandoli, New Delhi-110093
Also At: A-3, Jagbir Singh Market Near Krishna Mandir, ...

In The Court of
Ms. Sheetal Chaudhary Pradhan, ACJ/CCJ/ARC-(South-East), Room No. 203, Second Floor, Saket Courts, New Delhi.
SS-38/2022
1. Rehana Khatoon W/o Arif Ansari R/o 244/J Abul Fazal Enclave Part-2, Shahin Bagh Janda Nagar Okhala, New South Delhi New Friends Colony.
2. Fatima Khatoon D/o Late Md Arif R/o 244/J, Abul Fazal Enclave Part-2, Shahin Bagh-South Delhi New Friends Colony.
3. Amina D/o Late Md Arif R/o 244/J, Abul Fazal Enclave Part-2, Shahin Bagh -South Delhi New Friends Colony.
4. Mohd. Iqbal (Minor) S/o Late Md Arif R/o 244/J, Abul Fazal Enclave Part-2, Shahin Bagh-South Delhi New Friends Colony.
5. Mohd. Asif Ansari S/o Late Md Arif R/o 244/J, Abul Fazal Enclave Part-2, Shahin ...

### इंटरनेशनल टूरिस्ट व्यूरो का रेल आरक्षण काउंटर फिर से खुला

नई दिल्ली, (वीअ)। विदेशी पर्यटकों को देश में रेल आरक्षण बुकिंग और इसी प्रकार की अन्य सहायताएं प्रदान करने के लिए उत्तर रेलवे ने इंटरनेशनल टूरिस्ट ब्यूरो काउंटर, जिसे कोरोना महामारी के चलते बंद कर दिया था, को फिर से खोलने का निर्णय लिया है। यात्री आरक्षण केन्द्र, आईआरसीए कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली में तत्काल प्रभाव से विदेशी पर्यटकों की सुविधा के लिए एक विशेष रेल आरक्षण काउंटर ... है। यह काउंटर ... शिफ्टों में ... बजे से 14.00 ... को (14.00 बजे ... बजे तक) कार्य करेगा।

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली। सोमवार, 22 अगस्त 2022 www.delhi.nbt.in

## गढ़वाल भवन में आज़ादी का अमृत महोत्सव



**विस, नई दिल्ली:** देश ने जहां हाल ही में आज़ादी के 75 वर्षों का जश्न मनाया, वहीं इस साल अपनी स्थापना के सौ साल मना रही गढ़वाल हितैषिणी सभा ने दिल्ली के पंचकुइयां रोड स्थित अपने मुख्यालय गढ़वाल भवन में झंडा रोहण कर अमृत महोत्सव मनाया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड अरविंद सिंह रावत के अलावा सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट और महासचिव द्वारिका प्रसाद भट्ट मौजूद थे।

**कार्यक्रम**

**जनकवि गिरीश तिवारी की याद में खास कार्यक्रम**
**'गिर्दा की याद, गिर्दा के बाद'**
**आज 22 अगस्त, 2022**
**शाम 4 बजे से**
**गढ़वाल भवन, पंचकुइयां रोड, नई दिल्ली**

**दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें**
**t.me/NBTDilli**

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली। सोमवार, 19 सितंबर 2022

## वीर चंद्र सिंह गढ़वाली मेधावी छात्र सम्मान

**विशेष संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में रह रहे उत्तराखंड के प्रवासी छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाने के लिए गढ़वाल हितैषिणी सभा समय-समय पर करियर काउंसलिंग से लेकर मेधावी छात्रों का सम्मान करती रही है। यह वर्ष सभा का शताब्दी वर्ष है, ऐसे में बीते रविवार को गढ़वाल भवन में 'वीर चंद्र सिंह गढ़वाली शताब्दी वर्ष मेधावी छात्र सम्मान-2022' दिए गए। सभा के अध्यक्ष अजय सिंह बिष्ट ने बताया कि 10वीं-12वीं की परीक्षा में 90% से ज्यादा अंक पाने वाले 161 स्टूडेंट्स को इस मौके पर सम्मानित किया गया। इसमें सभा की ओर से स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार शामिल था।

दिल्ली के गढ़वाल भवन में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

बता दें कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और आईएएस मंगेश घिल्डियाल थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दिल्ली सरकार के अवर सचिव कुलानंद जोशी, गढ़वाली कुमाऊंनी एवं जौनसारी अकादमी के उपाध्यक्ष कुलदीप भंडारी और सचिव जीतराम भट्ट, सुभाष भडाना थे। इस मौके पर महावीर सिंह राणा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

**अमर उजाला**

न्यूज डायरी

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

नई दिल्ली। गढ़वाल हितैषिणी सभा द्वारा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को वीर चंद्र सिंह गढ़वाली शताब्दी वर्ष मेधावी छात्र सम्मान -2022 का आयोजन गढ़वाल भवन, पंचकुइयां रोड़ में किया गया। इस मौके पर कक्षा 10 की 73 व कक्षा 12 की 88 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने मेधावी बच्चों को पुरस्कार दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समय समय पर पुरस्कृत करने का विशेष महत्व है। यह विद्यार्थियों को न केवल उत्कृष्टता प्राप्त करने में, बल्कि हमारे लक्ष्य प्राप्ति में मदद करता है। इस मौके पर उतराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री माननीय धन सिंह रावत, आईएएस अधिकारी मंगेश घिल्डियाल, कुलानंद जोशी, हिंदी संस्कृत अकादमी के सचिव जीतराम भट्ट सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। ब्यूरो